### सांसद ने कलेक्टर, महापौर, यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और विद्यार्थियों के साथ देखा कार्यक्रम

# प्रधानमंत्री ने मन की बात में किया महुआ कुकीज़ का जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के 120 वें एपिसोड में छिंदवाड़ा जिले की महुआ के फूलों की कुकीज़ का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ₹मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा जिले में महुआ के फूल से कुकीज बनाए जा रहे हैं, राजाखोह गांव की चार बहनों के प्रयास से यहाँ कुकीज बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं। इन महिलाओं का जज्बा देखकर एक बड़ी कंपनी ने इन्हें फैक्ट्री में काम करने की ट्रेनिंग दी, इससे प्रेरित होकर गांव की कई महिलाएं इनके साथ जुड़ गई है, इनके बनाए महुआ कुकीज की मांग तेजी से बढ़ रही है।

मन की बात कार्यक्रम का जिला स्तर पर प्रसारण शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में किया गया था। जहां छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, श्री शेषराव यादव, महापौर श्री विक्रम अहके सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कमर्चारियों और स्कूली विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री श्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा। जिसमें छिंदवाड़ा जिले का जिक्र होने पर सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के द्वारा छिंदवाड़ा जिले के राजाखोह की महिलाओं द्वारा तैयार की जा रही महुआ कुकीज़ की पहल की मन की बात में सराहना से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। पिछले दिनों सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा जिले की आदिवासी महिलाओं द्वारा तैयार की जा रही ये महुआ कुकीज़ प्रधानमंत्री श्री मोदी को भेंट की थीं। जिसके बाद आज मन की बात में इनका जिक्र और सराहना होने पर उन्होंने प्रधानमंत्री जी की संवेदनशीलता और सहृदयता के किए आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिला आज गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने भी प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया और राजाखोह की महिलाओं को बहुत-बहुत बधाई दी। इसके तुरंत बाद सांसद श्री साहू, कलेक्टर श्री सिंह व सीईओ जिला पंचायत के साथ ग्राम राजाखोह पहुंचे और इन महिलाओं को सम्मानित किया। उनकी कुकीज़ निर्माण यूनिट और उसका संचालन देखा। महुआ कुकीज़ का स्वाद भी चखा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री सिंह ने स्व सहायता समूह की इन महिलाओं के महुआ उत्पादों सहित अन्य उत्पादों की बिक्री के लिए हाल ही में ऑनलाइन प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराया है, जिससे इन्हें अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

### अर्निका स्व सहायता समूह की बहनों की तारीफ के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं: श्री यादव

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 120 वे संस्करण में छिंदवाड़ा के गांव राजाखोह की महिलाओं द्वारा महुआ से बनाई गई कुकीज के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्व सहायता समूह की महिलाओं के इस कार्य की सराहना करते हुए प्रेरणादायक बताया और समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं दी। इसी तारतम्य में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह और साथियों के साथ अर्निका स्व सहायता समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं देने राजाखोह पहुंचे। भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने



अर्निका स्व सहायता समूह की महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम मन की बात कार्यक्रम के 119 एपिसोड से छिंदवाड़ा का नाम आने का इंतजार कर रहे थे और वह इंतजार 120 वे एपिसोड में हमारी अर्निका स्व सहायता समूह की बहनों के माध्यम से पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि अर्निका स्व सहायता समूह की बहनों की तारीफ के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। श्री यादव ने समूह की महिलाओं को उनके कार्यकुशलता की सफलता की बधाई दी और भविष्य में प्रगति करने के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस के हत्थे चढ़ा आईपीएल मैच का सटोरिया

**पांढुर्ना** । आज यहां पांढुर्ना पुलिस ने घनपेठ वार्ड में मोहम्मद मुजीब पिता मोहम्मद आबिद को मोबाइल में आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते हुए धर दबोचा। मोहम्मद मुजीब आईपीएल मैच की टीम गुजरात टाइटन्स एवं मुंबई इंडियंस के मैच में सट्टा लगाते पाया गया। मौके पर सट्टा खेलते धराए आरोपी से 9,750 रू. नगदी तथा 2 मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त कर लिए है। आरोपी को पकडने दल में थाना निरीक्षक अजय मरकाम, सब इंस्पे. लखन भीमटे, आ. पुष्पेंद्र सिंह, आ. अशोक हरसूले, अखिलेश हिंगवे मौजूद रहे।

### अमृत सरोवर निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**पांढुर्ना।** कलेक्टर पांढुर्ना द्वारा आज विकासखंड पांढुर्ना के ग्रामपंचायत लांघा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अमृत सरोवर निर्माण का भूमिपूजन कर अभियान की शुरूआत की गई। इस मौके पर कलेक्टर अजय देव शर्मा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जनभागिदारी से जलसंरक्षण और संवर्धन करना है। इस अभियान में समाज की भागीदारी, विभागों की समेकित पहल से नवीन जलसंग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व में मौजूद जल संरचनाओं की साफ सफाई एवं मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने तथा मानसून में किए जाने वाले पौधारोपण हेतू आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता देते हुए किए जाएंगे। इस अभियान के तहत पांढुर्ना जिले में 30-32 लाख की लागत से 3 अमृत सरोवर एवं 60 खेत तालाब का लक्ष्य रखा गया है। जिले की जनपदपंचायत पांढुर्ना में ग्रामपंचायत आजनगांव, बडचिचोली, घोघरीसाहनी, टेमनी साहनी, कामठीकला, लेंदागोंदी, सावजपानी, चाटवा एवं मांडवी में निस्तारीतालाब का निर्माण एवं जनपद पंचायत सौंसर में ग्रामपंचायत सवरनी, निमनी में तालाब जीर्णोद्धार और 54 खेत तालाबों का निर्माण किया जाएगा।

## कांग्रेस ने किया परासिया अधिवक्ता संघ परिषद के सदस्यों का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया बार एसोसिएशन के चुनाव में विजयी हुए अधिवक्ता उम्मीदवारों के सम्मान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में परासिया अधिवक्ता संघ परिषद के कांग्रेस समर्थित विजयी अधिवक्ताओं का सम्मान किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम निर्वाचित समस्त अधिवक्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की ओर से बधाई व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी । श्री ओकटे ने अपने उद्बोधन में आगे कहा , कि अधिवक्ता न्यायिक प्रक्रिया का अभिन्न अंग हैं । इनका परिश्रम , कार्य , व्यवहार व न्यायिक प्रक्रिया पर गहरी छाप छोड़ती है । गरीबों व मजलूमों को न्याय दिलाने में अधिवक्ता अहम भूमिका अदा करते हैं । अधिवक्ता न्याय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है , जो न्याय के प्रति निष्ठा व सत्य के लिए प्रतिबद्ध होता है। इसीलिये उन्हें न्याय का चेहरा भी कहा जाता है ।

## आज देर शाम तक खुले रहेंगे वसूली काउंटर

**छिंदवाड़ा।** आज वित्तीय वर्ष 2024- 25 का अंतिम दिवस है। नगर पालिक निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर 31 मार्च को ईद का शासकीय अवकाश होने के बाद भी मुख्य कार्यालय, जोन कार्यालय कुकड़ा जगत, वार्ड क्रमांक 5 सेवा सदन, जगन्नाथ स्कूल, चंदनगांव एवं लोनिया करबल जोन के संपत्ति कर एवं जलकर के संग्रहण काउंटर कार्यालय समय पर खुले रहेंगे तथा जोन के अन्य कर्मचारी भी कार्यलय में उपस्थित रह कर वसूली संबंधी कार्य में सहयोग करेंगे। इसके साथ ही निगमायुक्त के आदेश पर सभी 48 वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक एवं जलकर वसुलिकर्ता वार्ड में कर संग्रहण का कार्य करेंगे। निकाय क्षेत्र के करदाता तथा उपभोक्ता अपने संपत्ति कर एवं जलकर का भुगतान निगम कार्यालय, जोन कार्यालय अथवा वार्ड के कर संग्रहकर्ता को कर सकते है। नगर निगम द्वारा आवासीय भवनों के संपत्ति कर में प्रतिवर्ष 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है परंतु मध्य प्रदेश शासन द्वारा 26 सितंबर 2020 को जारी राजपत्र के अनुसार यदि भवन स्वामी द्वारा चालू वर्ष के संपत्ति कर भुगतान 31 मार्च तक नहीं किया गया तो संपत्ति कर पर दी जाने वाली 50 प्रतिशत छूट समाप्त हो जायेगी और भवन स्वामी को मूल संपत्ति कर का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही भवन स्वामी पर अधिभार भी अधिरोपित किया जाएगा। इस असुविधा से बचने के लिए भवन स्वामी करदाता को अपने बकाया संपत्ति कर भुगतान 31 मार्च के पूर्व करना होगा।

## पांचवें दिन भी जारी रही एटक की हड़ताल



**परासिया :** संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक की शिवपुरी क्षेत्र में चलने वाली क्रमिक भूख हड़ताल के पांचवें दिन कामरेड सुखदायल यादव और कामरेड योगेंद्र पाल हड़ताल रहे । रविवार को सुबह नारों के साथ दोनों साथियों को हड़ताल पर बैठाया गया । प्रबंधन द्वारा मंगलवार के दिन वार्ता के लिए एक बार पुनः आमंत्रित किया जाएगा । जिसमें इस स्ट्राइक पर होने वाले गंभीर मुद्दों पर चर्चा की जाएगी । अगर सहमति बनती है तो सभी मजदूरों के लिए हित में अच्छा है , नहीं तो यह क्रमिक हड़ताल जारी रहेगी ।रविवार को सुबह पेंच - कन्हान के जॉइंट सेक्रेटरी रामनारायण सिंह , रविंद्र यादव क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य , सलीम खान , महेंद्र पाल , धर्मेंद्र , राजेंद्र , एटक मीडिया प्रभारी मोहम्मद नदीम हनफी एवं अन्य साथिया उपस्थित रहे ।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने धार्मिक स्थलों का किया निरीक्षण



**परासिया :-** नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने रविवार को सुबह छह बजे धार्मिक स्थलों का निरीक्षण किया । इस दौरान धार्मिक स्थलों की स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया ।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय के साथ दीपक राय , सलीम खान उपस्थित रहे । अध्यक्ष ने गणेश मंदिर , सिद्धेश्वरी मंदिर , शिव मंदिर , खेडापति मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक्तानुसार दिशा निर्देश दिए । उन्होंने ईदगाह का दौरा भी किया । रमजान की समाप्ति के बाद होने वाली ईद की नमाज के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया । उन्होंने सभी धार्मिक स्थलों पर नवरात्र में नियमित सफाई करने के निर्देश दिए । साथ ही धार्मिक स्थलों के आसपास मांस मटन की दुकानें नहीं लगाने के भी निर्देश दिए ।

## वैश्य दिवस पर निकली विशाल वाहन रैली

**छिंदवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई के द्वारा वैश्य दिवस एवं नव वर्ष के अवसर पर स्थानीय फवारा चौक से एक वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली के प्रभारी ब्रजेश काल्पिवार ने बताया कि नए संवत्सर 2082 के शुभारंभ, वैश्य दिवस के अवसर पर वैश्य



महासम्मेलन जिला इकाई छिंदवाड़ा के तत्वावधान में फव्वारा चौक स्थित वैश्य शिरोमणि पूज्य महात्मा गांधीजी की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर प्रदेशमंत्री रमेश जाखोटिया, संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, जिला प्रभारी प्रभुनारायण नेमा, जिला इकाई अध्यक्ष अनिल सिंघई के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर बधाई और सर्वजनहित की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। वाहन रैली का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी केवलारी निवासी रूपराम साहू ध्वजा दिखाकर किया । इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने सभी वैश्य बंधुओ को वैश्य दिवस एवं हिन्दू नववर्ष की शुभकानाएं देते हुए वैश्य एकता का आव्हान किया। विशाल वाहन रैली शहर के मुख्य मार्गो से भ्रमण करते हुए फव्वारा चौक पहुँच कर सभा का आयोजन किया गया। समापन सभा में प्रदेश मंत्री रमेश जखोटिया जिला प्रभारी प्रभुनारायण नेमा ने संबोधित किया। जिला अध्यक्ष अनिल सिंघई ने उपस्थित सभी वैश्य बंधुओ का आभार व्यक्त करते हुए युवा इकाई के द्वारा विगत 2 दिनों से कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप सफल वाहन रैली के लिए बधाई दी।जिला मीडिया प्रभारी विकास वात्सल्य ने बताया कि वाहन रैली फव्वारा चौक से शुरू होकर गोलगंज , मेनरोड , छोटीबाजार, गणेश चौक का भ्रमण किया।

## मप्र जन अभियान परिषद जुन्नारदेव ने किया जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारम्भ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

राज्य शासन द्वारा म प्र के सभी जिलों में ₹जल गंगा संवर्धन अभियान₹ के तहत 15 विभागों के समेकित पहल पर 30 मार्च से 30 जून 2025 तक संचालित हो रहा है माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत जल संचयन की गतिविधियाँ एवं नवीन जल संरचनाओं का निर्माण,साफ-सफाई, जल स्त्रोतो का पुर्नजीवन के कार्य होंगे। म प्र जन अभियान परिषद जुन्नारदेव द्वारा कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में एवं जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में सीएम सीएल डीपी छात्रों के लिए जल की आवश्यकता एवं महत्व पर जिज्ञासा का समाधान विषय पर चर्चा आयोजित की गई। जिसमें छात्रों ने पानी के महत्व की गहराई से जाना। विकास खंड समन्वयक संजय कुमार बामने ने बताया कि छात्रों द्वारा अपने प्रयोगशाला ग्रामों में जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों में स्लोगन लेखन,निबंध प्रतियोगिता, जल संग्रहण की अलख जगाने के लिए रचनात्मक कार्यो के साथ-साथ श्रमदान सहभागिता के लिए भी प्रेरित करेंगें।

## देश को मिला पहला तरन्नुम नवाज़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

### जूनियर वर्ग से अंशिका रजोतिया, सीनियर वर्ग से विपुल रोहिला बने विजेता



युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच, छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ग़ज़ल गायन प्रतियोगिता तरन्नुम नवाज़ का फाइनल स्थानीय खजरी रोड स्थित होटल में सम्पन्न हुआ। आयोजित प्रतियोगिता में देशभर से टॉप 10 चयनित प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में विशेष मेहमान एवं निर्णायक के रूप में विश्व प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक चंदन दास एवं विविध भारती के उद्घोषक यूनुस खान उपस्थित रहे।

आयोजन के प्रथम सत्र में चयनित प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को अचंभित कर दिया। दूसरा सत्र ग़ज़ल ओ गुफ़्तगू का रहा जिसमें यूनुस खान जी एवं चंदन दास जी के बीच दिलचस्प बातचीत का सुनने वालों बेहद लुत्फ़ उठाया। तीसरे सत्र में प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में संगीत कला प्रेमीजन उपस्थित रहे।ये रहे विजेता - जूनियर वर्ग से अंशिका रजोतिया, छतरपुर (प्रथम स्थान तरन्नुम नवाज़ अवार्ड विनर), कौशनी बैनर्जी, कोलकाता (द्वितीय स्थान), अर्चिता आर्या, गोरखपुर (तृतीय स्थान), सावी तेलंग, नागपुर (सांत्वना पुरस्कार), अकमल फ़राज़, जबलपुर (सांत्वना पुरस्कार)सीनियर वर्ग से विपुल रूहेला, हरिद्वार (प्रथम स्थान तरन्नुम नवाज़ अवार्ड विनर), अद्वैत रॉय, सिकंदराबाद (द्वितीय स्थान), मोनिका भोयर, नागपुर (तृतीय स्थान), प्रन्या सक्सेना, मुम्बई (सांत्वना पुरस्कार)

## दिखा चांद, आज सुबह होगी नमाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



देश भर में मुस्लिमों के पवित्र माह रमजान में आज चांद दिखाई दिया और इस तरह 31 मार्च को सिंगोड़ी, पिंडरई डविर, खकरा चौरई सहित देश भर में ईद मनाई जाएगी. मुस्लिम धर्मावलंबियों के मुताबिक साउदी अरब में शनिवार को चांद का दीदार हो गया है और आमतौर पर इसके एक दिन बाद भारत में भी चांद का दीदार हो गया है. सिंगोड़ी एवं आसपास के ग्राम में ईद की नमाज का संभावित समय भी तय हो गया है.सिंगोड़ी ईदगाह में सुबह 9:00 बजे होगी नमाजईद के लिए शाम ढलते ही हर मुस्लिम धर्मावलंवियों की नजरें आसमान पर टिक गई, इस उम्मीद के साथ कि आसमान में चांद का दीदार हो जाएगा.और रविवार को चांद दिखाई दिया है. उधर ईद के लिए विशेष नमाज का वक्त भी तय हो गया है. सिंगोड़ी की ईदगाह में सुबह 9:00 बजे ईद की नमाज होगी. इसके अलावा पिंडरई डविर खकरा चौरई में नमाज अदा की जाएगी।

## महिलाओं के लिए एक बेहतर, समान और सुरक्षित समाज बनाएंगे : पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके

**छिंदवाड़ा।** वरिष्ठ समाजसेवी डाक्टर मीरा पराड़कर द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसअंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज युनाइटेड हेल्थ केयर स्वाभिमान जन कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित संस्था संस्थापक डारेक्टर सुजीत जी प्रदेश अध्यक्ष डॉ मीरा पराड़कर जी प्रदेश उपाध्यक्ष अलका नीरज शुक्ला प्रदेश सचिव अर्चना माहौरे जी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मुख्य अतिथि पर भूतपूर्व छत्तीसगढ़ मणिपुर राजपाल सुश्री अनुसुईया ऊइके जी आईपीएस अधिकारी निवेदिता गुप्ता जी विशिष्ट अतिथि महापौर धर्मपत्नी श्रीमती मानसी विक्रम आहके जी डाक्टर चैयरमेन परसर्न डारेक्टर विजया शेषराव यादव जी मंडल अध्यक्ष लता बैरोलिया जी योग वेदांत सेवा समितियां साध्वी नीलू दीदी आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दीप प्रज्ज्वलित करके क्रार्यक्रम की शुरुआत किया विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सभी मातृशक्ति जिन्होंने बाकी मैं जमीन स्तर पर काम किया उनको सम्मानित किया गया है इसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मीरा पराड़कर जिला अध्यक्ष युनाइडेट हेल्थ केयर प्रदेश अध्यक्ष डॉ सोयल खान एवं सम्मानित साध्वी नीलू दीदी , अर्चना माहौरे,करूणेश योगिता पराड़कर , अनिता तिवारी, नीरजा बाजपेई,सोनम माहौरे, अंजना त्रिपाठी, विभुति दुबे, सुनीता सूर्यवंशी, पारूल पांडे, निंदिया शर्मा,आराधना शुक्ला, किरण सोनी, कपड़ा बैंक हेमलता भांवरकर,अलका शुक्ला महिला उत्पीडन मामले अधिकारी वैशाली वन स्टांप सेंटर रीता जी भारती जैन, उर्मिला सिंहसाथ ही क्षय रोग विभाग से किशोरी को पोषण आहार वितरण किया विवांता हॉस्पिटल से डाक्टर श्रद्धा शर्मा जी अंगदान देहदान नेत्रदान मैं अनु अरोड़ा जी आरती दुबे क्षय रोग विभाग साथ राजेश्वरी मैम ने संस्कृति प्रस्तुति बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना दो से तीन बहुत ही बढ़िया नृत्य प्रस्तुत किया सभी ने आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की प्रशंसा की।

### विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ पर सूर्य उपासना कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# विक्रमादित्य की धरती में हमारा जन्म लेना गौरव की बात-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मंशा के अनुरूप विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत सृष्टि आरंभ दिवस, वर्ष प्रतिपदा एवं विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ के अवसर पर सूर्य उपासना कार्यक्रम आज प्रदेश भर में आयोजित किया गया। सूर्य उपासना का जिला स्तरीय कार्यक्रम छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में मुख्यालय के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में संपन्न हुआ।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारम्भ नाट्यगंगा रंगमंडल के कलाकारों द्वारा अपनी संगीतमय प्रस्तुति के साथ ब्रम्ह ध्वज की स्थापना से किया गया। जिसके बाद छिंदवाड़ा सांसद श्री साहू, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, श्री शेषराव यादव व महापौर श्री विक्रम अहके सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। जिसके बाद सभी ने संस्कृति विभाग से भेजे गए 14 मंगल ध्वजों का पूजन किया। इन मंगल ध्वजों की स्थापना शहर के 14 प्रतिष्ठित मंदिरों में नगर निगम द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने सभी को हिन्दू नववर्ष और विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ की बधाई देते हुए पूरे प्रदेश भर में सूर्य उपासना कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य के गौरवशाली इतिहास से सभी को परिचित कराने की पहल के किए मुख्यमंत्री डॉ.यादव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने ब्रह्म ध्वज का महत्व एवं इतिहास भी बताया । उन्होंने बताया कि सृष्टिकर्ता महाकाल की प्रेरणा से बह्मदेव ने सृष्टि का निर्माण किया। 1955885126 वर्ष पूर्व से प्रवर्तित सृष्टियाब्द के आरंभ से ही कोटि सूर्य को महिमा प्रदान की गई है। यह ब्रम्हध्वज वर्षों पूर्व परंपरा से महाकालेश्वर मंदिर के शिखर पर समय-समय पर स्थापित रहा है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि प्रदेश सरकार द्वारा तैयार पुस्तिका ₹भारत का नववर्ष - विक्रम संवत₹ का स्वयं भी अध्ययन करें और भावी पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास से जरूर परिचित कराएं। कलेक्टर श्री सिंह ने भी सभी को हिन्दू नववर्ष, प्रतिपदा और विक्रम संवत शुभारंभ की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमने ऐसी धरती पर जन्म लिया है, जहां महान सम्राट विक्रमादित्य जैसे राजा हुए, यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। हम सभी उनके इतिहास को जाने, उससे सीखें और महान कार्य करें। जिससे भावी पीढ़ी भी महान कार्यों को करने के लिए प्रेरित हो।

### नवरात्र में भी मंदिर नवनिर्माण कार्य तीव्र गति से आरंभ, आज जगह जगह मंदिरों में हुई कलशों की स्थापना

# श्री बड़ी माता मंदिर: चैत्र नवरात्रि के पहले दिन उमड़ी भक्तों की भीड़






हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चैत्र नवरात्र कि प्रथम तिथि गुढ़ी पाढ़वा नववर्ष के स्वरूप से मां भगवती नवरात्रों के साथ आरंभ हो जाते हैं। मां के भक्ति ज्योति कलश आराधना का ये महापर्व संपूर्ण विश्व में सनातनी भक्त मानता है। इसी तारतम्य में नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष सोनी जी ने बताया कि चैत्र नवरात्र पर्व आज प्रातः कालीन आरती पूजन पाठ के साथ आरंभ हो जाएंगे। जिसमें मंदिर ट्रस्ट के द्वारा अधिक से अधिक दिव्य ज्योति कलश स्थापना की व्यवस्थाओं को मंदिर के पीछे अखाड़े में उचित व्यवस्था बनाई गई है। वह से कलश दर्शन पूजन भी भक्तगण कर सकते हैं। कलश स्थापना के लिए आप मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय या सेवादारों से संपर्क कर ऑनलाइन, ऑफलाइन दोनों माध्यमों से नवरात्र के प्रथम दिवस कलश पंजीयन संध्या 6 बजे तक कर सकते है। मंदिर कार्यक्रम की शुभ बेला में प्रथम दिवस में ज्वारे कलश स्थापना के लिए कन्याओं के द्वारा खेत में जा कर मिट्टी लाई जाएगी। जिनका विधि वध पूजन पाठ के पश्चात कलश स्थापना की तैयारी दिन भर भक्तों के सहयोग सेवा से किया जाएगा। साथ ही मातारानी की वस्त्र सेवा श्रृंगार से सुसज्जित किया जाएगा। जिसके पश्चात संध्या काल में श्री विद्यार्थी रामायण मंडल के द्वारा 7:30 बजे से मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसके पश्चात ठीक रात्रि 8 बजे मातारानी भव्य आरती की जाएगी। जिसमें आरती के साथ ही साथ दिव्य ज्योति कलश को प्रज्वलित कर कलश स्थापना प्रथम दिवस का कार्यक्रम संपूर्ण हो जाएगा।

मंदिर ट्रस्ट के सचिव श्री राजू चरणागर जी जानकारी दी नवरात्र के कार्यक्रम के चलते साथ ही श्री बड़ी माता मंदिर में नवनिर्माण का कार्य प्रगतिशील गति से आरंभ है। जिसमें करोड़ों के बजट से मंदिर निर्माण सुनिश्चित हैं। आप सभी इसमें अधिक से अधिक सहयोग कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकते हैं। समस्त मंदिर के कार्यक्रम में अवश्य सहभागी बने।

## मातारानी के मंदिरों में हुई मनोकामना ज्योति की स्थापना, गुड़ी का हुआ पूजन, हिन्दू नववर्ष की दी शुभकामनाएं

**सौंसर।** नववर्ष एवं गुड़ी पड़वा के पावन पर्वनगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न धार्मिक आयोजन कार्यक्रम संपन्न हुए,वहीं क्षेत्र में चैत्र नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर नगर क्षेत्र के मातारानी के मंदिरों में दिनभर भक्तों का ताता लगा रहा है। रविवार को गुड़ी पड़वा नवरात्र का शुभारंभ एवं भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव भी था,चैत्र नवरात्र के शुभारंभ के पूर्व ही मातारानी के मंदिरों में साफ सफाई एवं आकर्षक रोशनी की गई है, बंजारी माता मंदिर ट्रस्ट कमेटी सिलेवानी की ओर से नवरात्र पर्व को लेकर आकर्षक साथ सजा एवं नौ दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न



होंगे,नगर के भवानी माता मंदिर बेरडी रोड, सौसर थाना परिसर में बने माता मंदिर, वार्ड क्रमांक सावता का चौक में बने हुए दुर्गा मंदिर, आदि जगहों पर नवरात्र के शुभारंभ अवसर पर सुबह से ही माता रानी के भक्तों की भीड़ देखी गई है, शुभारंभ अवसर पर मनोकामना कलश की स्थापना के साथ अखंड ज्योति का भी प्रज्वलन किया गया है।वहीं दूसरी ओर गुड़ी पड़वा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में परिवारों में गुडी का पूजन करते हुए नववर्ष का शुभारंभ किया गया,इस दौरान विधायक विजय चौरे के निवास स्थान पर श्रीमती प्रतिभा चौरे एवं विधायक विजय चौरे के द्वारा गुड्डी का पूजन करते हुए क्षेत्र वासियों को नववर्ष की बधाई दी, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहड़ के द्वारा भी मोहगांव मार्ग स्थित निवास स्थान हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए गुड्डी का पूजन का आशीर्वाद प्राप्त किया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार गुड़ी पड़वा का दिन सृष्टि की रचना के रूप में मनाया जाता है मानता है कि इस दिन ही भगवान ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया था इस दिन भगवान ब्रह्मा जी की पूजा का विशेष महत्व होता है,श्री राम सेवा समिति पांचवी टेकडी समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर मां जगदंबे की घट स्थापना की गई है, जिसमें 9 दिन मां जगदंबे की आराधना द्वादश ज्योतिर्लिंग का पूजन का आयोजन किया जाएगा,

## श्री बड़ी माता मंदिर: छिंदवाड़ा की आस्था और संस्कृति का प्रतीक

छिंदवाड़ा शहर की छोटी बाजार में स्थित श्री बड़ी माता मंदिर न केवल शहर बल्कि पूरे जिले की धार्मिक आस्था और चेतना का केंद्र बिंदु है।कहा जाता है कि इस मंदिर का इतिहास छिंदवाड़ा शहर के बसने जितना ही पुराना है। शहर की स्थापना के समय ही यहां माता की मढ़िया के रूप में श्री बड़ी माता मंदिर का अस्तित्व माता के चमत्कारों के साथ स्थापित हो चुका था। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि यह स्थल स्वयं सिद्ध है और यहां आने वाला हर भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होते हुए देखता है।

### इतिहास से जुड़ी मान्यताएं

माना जाता है कि छिंदवाड़ा शहर की बसाहट सोलहवीं शताब्दी में शुरू हुई थी। उस समय देवगढ़ के गौवली राजाओं को हाथी, घोड़ा, ऊंट और शस्त्रों की आपूर्ति के लिए देश के उत्तरी क्षेत्रों से लोग यहां आकर बसने लगे थे। इन्हीं प्रवासियों के साथ शहर का आकार लेना शुरू हुआ। स्थानीय लोगो के अनुसार छिंदवाड़ा के सबसे पुराने मोहल्ले के रूप में रघुवंशीपुरा को जाना जाता है, जो आज का छोटी बाजार क्षेत्र ही है। यही क्षेत्र श्री बड़ी माता मंदिर का स्थान है। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, मंदिर का स्थल पहले खुले आसमान के नीचे स्थित था, जहां प्राकृतिक रूप से सफेद पत्थरों का एक बड़ा समूह था। इन पत्थरों पर देवी की आकृतियां स्वयं उभरी हुई थीं, जिन्हें माता का स्वरूप मानकर पूजा-अर्चना शुरू हुई। बाद में श्रद्धालुओं ने नगर रक्षा देवी के रूप में माता को स्थापित कर उनकी आराधना प्रारंभ की और उन्हें श्री बड़ी माता का नाम दिया। 1861 में जब ब्रिटिश शासन ने जिले की सीमा का निर्धारण किया, तब श्री बड़ी माता मंदिर का क्षेत्र ही शहर का केंद्र बिंदु था। तब से लेकर आज तक मंदिर छिंदवाड़ा शहर के विकास और सांस्कृतिक गतिविधियों का साक्षी बना हुआ है।

### चमत्कार और आस्था का प्रतीक

मान्यता है कि करीब एक सदी पहले जब छिंदवाड़ा में हैजा और प्लेग जैसी महामारी फैली थी, तब श्री बड़ी माता के प्रताप से ही शहर इस संकट से बचा। उस कठिन समय में हजारों लोगों की जान माता के आशीर्वाद से सुरक्षित रही, जिसके बाद माता के प्रति लोगों की आस्था और अधिक गहरी हो गई। इसी आस्था के परिणामस्वरूप मढ़िया को मंदिर का स्वरूप दिया गया और शहर के सुनारों ने माता की अष्टधातु की भव्य प्रतिमा निर्मित की। मंदिर में माता शीतला और माता अन्नपूर्णा की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। यहां आने वाले श्रद्धालु बड़ी माता के दर्शन कर न केवल मानसिक शांति पाते हैं बल्कि अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर माता के दरबार में आकर आभार प्रकट करते हैं।

### विस्तार के नए आयाम

समय के साथ श्री बड़ी माता मंदिर का भी विस्तार होता गया। वर्तमान में श्री बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट मंदिर की व्यवस्था संभालता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रस्ट ने मंदिर से सटी मिशन स्कूल की संपत्ति लगभग 2 करोड़ रुपये में खरीदी है। अब करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर के नवनिर्माण की योजना है। यह निर्माण भक्तों द्वारा दिए गए अंशदान से किया जा रहा है, जिससे भविष्य में यह मंदिर भव्यता और दिव्यता का नया केंद्र बिंदु बनेगा।

### विशेष पर्व और आयोजन

श्री बड़ी माता मंदिर में नवरात्र पर्व विशेष रूप से भव्यता के साथ मनाया जाता है। साल में दो बार आयोजित होने वाले इस पर्व के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु मनोकामना कलश रखते हैं। शारदीय नवरात्र के समापन पर रथ पर सजी माता की शोभायात्रा एवं कलश विसर्जन यात्रा का भव्य आयोजन होता है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। चैत्र नवरात्र में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता के दरबार में मनोकामना कलश अर्पित करते हैं। नवरात्र के नौ दिनों तक मंदिर में अखंड ज्योत प्रज्जवलित रहती है और प्रतिदिन सुबह-शाम होने वाली आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते हैं। इसके अलावा भुजलिया उत्सव तो अपनी विशिष्ट परंपरा के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। मंदिर में गणेश उत्सव, तीजा उत्सव और आल्हा गायन का भी विशेष महत्व है, जो यहां की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

# हिन्दू नव वर्ष पर मनाया सूर्योपासना दिवस

## हिन्दू पंचाग विक्रम संवत की प्रारम्भ होने की कहानी का हुआ मंचन




बालाघाट

मप्र शासन की मंशानुसार रविवार को नगर के नूतन कला निकेतन में विक्रमोत्सव मनाया गया। जिला प्रशासन, महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ संस्कृति विभाग के संयुक्त आयोजन में हिन्दू पंचाग विक्रम संवत के प्रारम्भ होने के पीछे की कहानी का मंचन लोक कला निकेतन के कलाकारों द्वारा किया गया। नृत्य नाटिका के माध्यम से कलाकारों ने महाराजा विक्रमादित्य की विजय गाथा और उसके पश्चात विक्रम संवत व न्यायप्रियता को अभिनेताओं द्वारा संवाद व संगीत के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इन दौरान कलेक्टर श्री मृणाल मीना,एडीएम श्री जीएस धुर्वे, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक सहित समस्त अधिकारियों ने लुत्फ लिया। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन, जनपद उपाध्यक्ष श्री शंकर बिसेन,नपा सभापति श्रीमती संगीता कावरे, श्री नपा पूर्व अध्यक्ष श्री रमेश रँगलानी, सामाजिक कार्यकर्ता श्री सुरजीत सिंह ठाकुर, नूतन कला निकेतन के अध्यक्ष श्री रूप कुमार बनवाले व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

### नगर के मंदिरों में ब्रह्म ध्वजा फहराई गई

प्रभारी नपा सीएमओ श्री बीएल लिंल्हारे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर ने महत्वपूर्ण मंदिरों पर ब्रह्मध्वजा फहराई गई। नगर के श्रीराम मंदिर, कॉपरेटिव बैंक परिसर स्थित त्रिपुर सुंदरी मंदिर में भी ध्वजा फहराई गई।



## रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 के संबंध में आवश्यक बैठक हुई आयोजित



**बालाघाट** कलेक्टर व बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सभाकक्ष में रविवार को रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 के संबंध में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले में गेहूं, चना, सरसों के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रों के समिति कर्मचारी व सर्वेयर भी उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही समिति कर्मचारियों द्वारा बताए गए सुझाव को लेकर अधिकारियों द्वारा तत्काल निराकरण किया गया। इस अवसर पर रविकांत ठाकुर खाद्य अधिकारी, पीएल जोशी प्र. बैंक सीईओ, सुनील किरार जेएसओ खाद्य विभाग, मनोहर यादव प्र.विपणन अधिकारी, अमरेश सिंह परिहार इन्वेंटरी मैनेजर श्री भगत उपस्थित रहे।

## संपदा-1 प्रणाली का आज अंतिम दिन रजिस्ट्री के लिए आज ही स्लाट की बुकिंग

### 1 अप्रैल से सभी उप पंजीयक कार्यालयों में संपदा-2 पोर्टल का होगा संचालन

**बालाघाट** पंजीयन विभाग द्वारा संपदा-1.0 पोर्टल प्रणाली का संचालन 31 मार्च तक ही किया जाएगा। जिला पंजीयक श्री राजेन्द्र मरकाम से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 अप्रैल से पूरे प्रदेश में केवल संपदा-2.0 पोर्टल प्रणाली के माध्यम से ही ई-पंजीयन और ई-स्टाम्पिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। श्री मरकाम ने बताया कि संपदा-2 का प्रायोगिक संचालन अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 तक चार जिलों में किया गया था। 10 अक्टूबर 2024 से इसे पूरे राज्य में लागू कर दिया गया। रजिस्ट्री के लिए 30 मार्च को आखिरी बार अगले दिन के स्लॉट की बुकिंग होगी। पुराने पोर्टल से 31 मार्च को एक अप्रैल के लिए नईबुकिंग नहीं होगी। 1 अप्रैल से सभी उप पंजीयक कार्यालयों में केवल संपदा-2 का ही संचालन होगा। संपदा-1 में सेवा प्रदाताओं को कोई नया लाइसेंस नहीं मिलेगा। साथ ही, संपदा-1 में ली गई क्रेडिट लिमिट संपदा-2 में ट्रांसफर नहीं होगी। सेवा प्रदाताओं को 31 मार्च तक अपनी क्रेडिट लिमिट का उपयोग करना होगा। 31 मार्च के बाद संपदा-1 प्रणाली निष्क्रिय हो जाएगी। इसके बाद इस प्रणाली में कोई दस्तावेज तैयार नहीं किया जा सकेगा और न ही कोई शुल्क जमा होगा।

### सर्विस प्रोवाइडर की क्रेडिट लिमिट सुविधा होगी बंद

जिला पंजीयक श्री मरकाम ने बताया कि यदि कोई दस्तावेज 31 मार्च तक पंजीकृत नहीं होता है, तो उसका पंजीयन संपदा-1 में नहीं हो सकेगा और वह संपदा-2 में भी ट्रांसफर नहीं किया जा सकेगा। संपदा-1 से संबंधित सभी सपोर्ट टिकटों का निराकरण 31 मार्च से पहले करना होगा। 30 मार्च को सेवा प्रदाताओं के लिए नई क्रेडिट लिमिट लेने की सुविधा बंद कर दी जाएगी। 31 मार्च को पंजीयन प्रस्तावित दस्तावेजों का शुल्क पहले से जमा करना होगा या ऑनलाइन सुविधा का उपयोग करना होगा।

### अंतिम दिन पंजीकृत दस्तावेजों का प्रिंट उसी दिन पक्षकारों को देना होगा

जिला पंजीयक श्री मरकाम ने बताया है कि संपदा-1 बंद होने की सूचना विभाग द्वारा सभी को दी जा रही है। आखिरी दिन यानी 31 मार्च को दस्तावेजों की हार्ड कॉपी देने से पहले वरिष्ठ उप पंजीयक यह सुनिश्चित करेंगे कि फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठा चिन्ह और नक्शा सही ढंग से प्रिंट हो चुका हो। अंतिम दिन में पंजीकृत दस्तावेजों का प्रिंट उसी दिन कर पक्षकारों को देना होगा। ई-स्टाम्प रिफंड के लिए आवेदन 31 मार्च तक पूर्ण कर रिफंड रिक्वेस्ट नंबर के आधार पर कोष को भेजना होगा।

## 16 सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए आरओ नियुक्त

**बालाघाट** मप्र राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी श्री एमबी ओझा द्वारा 17 सहकारी समितियों के निर्वाचन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्या. उकवा के लिए वनपाल श्री अरविंद मंडावी, डाबरी के लिए गजेंद्र बिसेन, पाण्डुतला के लिए शिवप्रसाद सरोते, बुद्धड़ा के लिए ताराचंद डोंगरे, नैतरा के लिए भूपेंद्र वासनिक, बिठली के लिए राजेन्द्र गनवीर, बिरसा के लिए अरुणेंद्र शेखर, भंडेरी के लिए विनोद कुमार चौरे, सीतापठौर के लिए रामनरेश यादव, सालेटेकरी के लिए राजेन्द्र कुमार मडामे, लोहाग्री के लिए दिलीप चौहान, कचनारी के लिए वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्री संतोष कतिया, बालाघाट के लिए वनपाल सुखलाल चौरिवार, मछुरदा के लिए मुकेश कुमार घोरमारे, दमोह के लिए अंकेक्षक अधिकारी श्री केएस सैयाम और डोंगरमाली के लिए उप अंकेक्षक श्री अतुल राय को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया

## विकासखण्ड बैहर में दिखी जल गंगा संवर्धन अभियान की पहल

### तन्नौर नदी में स्वच्छता कर दिलाई गई जल संरक्षण की शपथ




बालाघाट

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड बैहर द्वारा जल संवर्धन अभियान की शुरुआत विक्रम संवत सूर्य उपासना नव संवत मनाकर किया गया। जिसके तहत तन्नोर नदी मे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की स्वच्छता, नदी की साफ सफाई गहरीकरण का कार्य किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बैहर, ग्राम पंचायत भंडेरी, नवांकुर संस्था, सीएमसीएलड़ीपी के छात्रो तथा जन भागीदारी द्वारा श्रमदान किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामवासियों को जल संरक्षण के साथ ही पानी का दुरुपयोग ना करने की भी शपथ दिलाई गई। इस दौरान सीईओ बीएस मेरावी, विकासखंड समन्वयक महेश पटले, जिला पंचायत सदस्य मंशाराम मड़ावी, जनपद सदस्य आशुतोष मेरावी, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राजीव परते उपस्थित रहें।











# नववर्ष पर झांकियों के साथ निकली श्रीराम की शोभायात्रा, डीजे की धुन पर नाचे लोग

**जय श्रीराम के नारे लगाए; हनुमान मंदिर का उद्घाटन शुक्रवारी चौक भगवान राम की झांकी निकाली गई। सिवनी में रविवार को हिंदू नववर्ष के अवसर पर पॉलिटेक्निक मैदान से दोपहर 12 बजे शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में सबसे आगे अयोध्या के भगवान श्री राम की झांकी थी। डीजे की धुन पर बच्चों, युवाओं, महिला और पुरुषों ने खूब डांस किए।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इस दौरान लोगों ने जय श्री राम के जयकारे भी लगाए। रैली में माता काली, हनुमान जी सहित अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। रैली के दौरान जगह-जगह पुलिस बल तैनात रही। रैली का रूट पॉलिटेक्निक मैदान से शुरू होकर बाहुबली चौक, सिंधिया चौक, मिशन स्कूल, गणेश चौक से होते हुए कई प्रमुख मार्गों से गुजरा। यह रैली दोबारा पॉलिटेक्निक कॉलेज ग्राउंड में समाप्त हुई। शुक्रवारी चौक से पंचमुखी हनुमान मंदिर जाने वाले मार्ग पर स्थित श्री बाल रूपी हनुमान मंदिर का उद्घाटन भी किया गया। श्री राम मंदिर सिवनी सहित जिले के सभी आठ विकास खंडों के राम मंदिरों में पूजन का किया गया। रैली को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा।

## श्री रामदल समिति हिन्दू नववर्ष महारैली श्री रामरथ के साथ शामिल हुई



श्री रामदल समिति हिन्दू नववर्ष महारैली में श्री रामरथ के साथ शामिल होगा।
नगर की सेवाभावी धार्मिक संस्था श्री रामदल समिति के सदस्य अनुशासित रूप से पालीटेक्निक ग्राउंड से निकलने वाली हिन्दू नववर्ष महारैली में शामिल होगी, इस हेतु एक विशेष श्री रामरथ सुसज्जित किया गया है, जो महारैली की शोभा बढ़ाएगा, समिति ने सनातन हिन्दू के सभी पंथ, समाज और धर्मिक संस्थाओं तथा आमजनो से इस महारैली रैली में सम्मिलित होने की अपील की है।

# वूमेन अचीवर्स अवार्ड 2025 से सम्मानित हुई- डॉ. नंदिता पाठक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भाजपा केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय इकाई द्वारा आयोजित उत्कृष्ट महिला सम्मान 2025 के समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष जी महिला मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती वानिती श्रीनिवासन जी भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व महिला मोर्चा प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा , पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जी की गरिमामयी उपस्थिति में मध्यप्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ नंदिता पाठक 1 करोड़ सेल्फी विथ लाभार्थी अभियान में 31500 सेल्फीस नमो ऐप में अपलोड कर मध्यप्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने पर उत्कृष्ट महिला सम्मान से सम्मानित हुई ।
मध्यप्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया जी सागर की रितु दुबे भी सेल्फी विथ लाभार्थी अभियान में सम्मानित हुई । राष्ट्रीय महिला मोर्चा द्वारा चलाए गए अभियान जेम पोर्टल, कमल मित्र अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश भर की महिला मोर्चा की बहनों को सम्मानित किया गया । सम्मान प्राप्त करने के उपरांत नंदिता जी ने मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जी , प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा जी , मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री डॉ मोहन यादव जी , महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया जी , प्रदेश प्रभारी महिला मोर्चा कविता पाटीदार जी का हृदय से आभार व्यक्त किया , डॉ पाठक नें राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती वानिती श्रीनिवासन जी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर किए गए अभिनव प्रयोगों के लिए आभार व्यक्त किया, नंदिता जी ने कहा कि भाजपा परिवार के मुखिया आदरणीय श्री बी एल संतोष जी राष्ट्रीय संगठन महामंत्री जी के कर कमलों से सम्मान पाना एक साधारण कार्यकर्ता के लिए अविस्मरणीय प्रेरणादायी अनुभव है , ऐसे सम्मानों से कार्यकर्ता सदैव प्रेरित होकर काम करते रहेंगे । महिला मोर्चा की सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने यह उत्कृष्ट सम्मान माननीय मोदी जी के योजनाओं से लाभान्वित बहनों को मातृशक्ति को समर्पित कर माताओं बहनों को धन्यवाद दिया

# धर्म की नगरी धारना में बिराजी मॉ जगत जननी

**धर्म की नगरी धारनाकला मे राधे कृष्ण मन्दिर प्रांगण मे आज भक्ति भाव के साथ मा दुर्गा की स्थापना की गई है चैत्र नवरात्र मे सबेरे से ही मा जगत जननी की स्थापना मे माता बहनो का तांता लगा रहा**

सर्व प्रथम मा दुर्गा के सजे पंडाल मे ब्राम्हण के द्वारा घट स्थापना करवाई गई तथा सभी ने माता की अखंड ज्योत प्रज्वलित करते हुऐ जवारे। बोये गये तथा एक साथ शंख घडियाल के साथ माता जगत जननी की स्थापना की गई
पूरे पर्व भर होगे धार्मिक अनुष्ठान तथा कार्यक्रम आस्था के इस महा पर्व मे प्रति दिन धार्मिक अनुष्ठान के साथ साथ धार्मिक कार्यक्रम भी लगातार सम्पन्न होगे चूकि प्रथम दिवस से ही माता जगरानी के दरबार मे धार्मिक कार्यक्रम निर्धारित कर दिये गये हमारे धर्म शास्त्र के अनुसार



चैत्र नवरात्र शुभ हिन्दू त्यौहार के साथ साथ मा दुर्गा और उनके नौ दिव्य रूपो की पूजा के लिए समर्पित है साथ ही यह पावन पर्व हिन्दू नव वर्ष की शुरूआत का प्रतीक भी माना गया है यही कारण है की इस महापर्व को अत्यन्त श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धर्म की नगरी मे मनाया जा रहा है चैत्र नवरात्र मे मा जगत जननी की पूजा करने से स्वास्थ्य धन और समृद्धी की प्राप्ती भी होती है और यही कारण है की शक्ति स्वरूपा माता बहने मा पूजा मे तल्लीन रहती है

## आकर्षण का केन्द्र रहती है महा आरती

यहा यह बताना भी लाजिमी है की चैत्र नवरात्र मे माता की महा आरती जो की नवमी तिथि को सम्पन्न होगी जिसमे हजारो की तादाद मे मार्तं शक्ती के द्वारा आरती की थाल सजाकर एवं दीप प्रज्वलित कर माता की महा आरती की जायेगी और यह परम्परा धारनाकला मे चैत्र तथा कुवार दोनो नवरात्र मे श्रद्धा और भक्ति के साथ होते चली आ रही है।

# मंडी बोर्ड उड़नदस्ता ने 6 वाहनों पर की कार्यवाही

**म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल द्वारा अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु गठित राज्य स्तरीय विशेष जांच दल द्वारा मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र की अंतराज्यीय सीमा में निरीक्षण के दौरान अधिसूचित कृषि उपज के अवैध परिवहन करते हुए पाय गए 06 वाहनों को पकड़ कर मंडी समिति सिवनी को अग्रिम कार्यवाही हेतु सौंपा।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उक्त वाहनों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए कृषि उपज मंडी समिति सिवनी द्वारा अवैध परिवहनकर्ताओं से निम्नानुसार कुल जुर्माना राशि 3,81,186/- रुपए वसूल कर मंडी खाते में जमा कराए गए। जब्त वाहनों में ट्रक क्रमांक वाहन क्रमांक टीएम 54 के 9483 एक में छतरपुर से चेन्नई के लिए 250.20 क्विंटल मटर ले जाया जा रहा था। दूसरे वाहन क्रमांक एपी 02 टीई 5179 में छतरपुर से आंध्रप्रदेश के लिए 251.03 क्विंटल गेहूं था।
तीसरे वाहन क्रमांक - एमएच 40 सीएम 1195 में बैतूल से नागपुर के लिए 90 क्विंटल लहसुन था।चौथे वाहन क्रमांक एपी 39 यूव्ही 2335 में दतिया से मैसूर के लिए 245.50 क्विंटल मूंगफली थी। पांचवें वाहन क्रमांक यूपी 94 एटी9881 में नरसिंहपुर से नागपुर के लिए 350 क्विंटल गेहूं का परिवहन किया जा रहा था। सभी वाहनों पर मंडी शुल्क, समझौता शुल्क और निराश्रित शुल्क लगाया गया है। एक वाहन पर अभी भी कार्रवाई जारी है।

## 26 वर्षीय महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना लखनवाड़ा क्षेत्र के जमुनिया गाँव में रात्रि में 26 वर्षीय महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, डायल-112/100 एफ आर व्ही ने महिला को अस्पताल पहुँचाया सिवनी के थाना लखनवाड़ा क्षेत्र के जमुनिया गाँव में कॉलर की पत्नी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 28-03-2025 को 11:29 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक मिथलेश परानकर पायलेट राकेश सनोडीया ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से 26 वर्षीय महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। डायल-112/100 एफ आर व्ही द्वारा महिला को परिजन के साथ जिला अस्पताल सिवनी पहुँचाया गया । डायल 112/100 जवानों की तत्परता से पीड़ित महिला को समय पर उपचार मिला।

## महिला सुरक्षा की परिचायक बनी डायल -112/100

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** थाना बरघाट क्षेत्र से रात्रि में अपने गांव जाने के लिए महिला एवं उनकी बेटी को नहीं मिल रहा था कोई साधन, डायल-112/100 जवानों ने एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर घर पहुँचाया। थाना बरघाट क्षेत्र से अपने गाँव जाने के लिए महिला एवं उनकी बेटी को कोई साधन नहीं मिल रहा है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 28-03-2025 को रात्रि 11:42 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बरघाट थाना क्षेत्र तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक लोकराम एवं पायलेट चैत राम पटले ने मौके पर पहुँचकर बताया कि महिला एवं उनकी बेटी को रात्रि में अपने गाँव मेहरा पिपरिया जाने के लिए साधन नहीं मिल रहा था । महिला ने डायल 112/100 पर कॉल कर मदद मांगी थी। डायल 112/100 स्टाफ ने एफ आर व्ही वाहन से महिला एवं उनकी बेटी को मेहरा पिपरिया गाँव पहुंचाया । देर रात सहायता करने के लिए महिला एवं परिजन द्वारा डायल-112/100 जवानों का आभार व्यक्त किया गया ।

# पुलिस को आईपीएल ऑनलाईन सट्टा में मिली बड़ी सफलता, यश गुप्ता गिरफ्तार ओर मुख्य आरोपी फरार

## लाखों रुपये का ऑनलाइन लेन-देन रिकॉर्ड जप्त

**भारत में क्रिकेट की दुनिया में आईपीएल धूम मचा रहा है आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा बाजार जोरो पर है जहां सटोरिये लाखों करोड़ों का लेन-देंन अलग-अलग डिजिटल माध्यम से कर रहे हैं लाखों करोड़ों के सट्टे के कारोबार को रोकने के लिए पुलिस व अन्य एजेंसी कार्य कर रही है इसी तर्ज पर छिंदवाड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। छिंदवाड़ा पुलिस के द्वारा सट्टे बाजी का एक बड़ा नेटवर्क का पर्दाफाश किया है जहां लाखों करोड़ों का लेनदेन का रिकॉर्ड भी मिला है जिसका लेनदेन ऑनलाइन ऐप के माध्यम से किया जाता था।**

कोतवाली पुलिस को बुधवारी बाजार क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टे की सूचना मिली थी। मीडिया जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा पुलिस ने 25 मार्च 2025 की रात को छापा मारा कार्यवाही की जहां आईपीएल की सट्टेबाजी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है पुलिस ने छापामार कार्रवाई में सट्टेबाज़ यश गुप्ता को ONLINE सट्टा खिलाते गिरफ्तार किया। यश गुप्ता नामक सटोरी मोबाइल के माध्यम से ONLINE क्रिकेट सट्टा चला रहा था। पुलिस को करवाई में कई महत्वपूर्ण सबूत मिले है यह पूरी कार्रवाई कोतवाली पुलिस के उप निरीक्षक ब्रजेश रघुवंशी के नेतृत्व में की गई। कार्यवाही मुख्य आरोपी सौरभ प्रेमचंदानी ( सिवनी) फरार बताया जा रहा है।

### डिजिटल सबूत मिले

प्राप्त जानकारी के अनुसार यश गुप्ता के पास से 5000 रुपए नगद और लाखों रुपए के लेन-देन से जुड़े डिजिटल रिकॉर्ड बरामद किए गए। यश गुप्ता के मोबाइल की जांच में mr.bean प्लेटफॉर्म पर "ydyash25" नामक यूजर आईडी, Crickbuzz ऐप पर सट्टे के लाइव रन और भाव, और PhonePe, Google Pay, Paytm जैसी डिजिटल पेमेंट ऐप्स, जिनके जरिए सट्टे की रकम का लेन-देन किया जाता है। डिजिटल ऑनलाइन के जरिए लेन-देन के रिकॉर्ड मिले। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि यह मास्टर आईडी उसे सिवनी निवासी सौरभ प्रेमचंदानी ने 3% कमीशन पर दी थी।

### मुख्य आरोपी सौरभ प्रेमचंदानी का सिवनी से नाता व सट्टे का नेटवर्क

पूछताछ के दौरान यश गुप्ता ने खुलासा किया कि उसे यह मास्टर आईडी सौरभ प्रेमचंदानी ( सिवनी) द्वारा दी गई थी जंहा सौरभ प्रेमचंदानी 3% कमीशन पर सट्टा खिलाने की परमिशन देता था। यश गुप्ता ने बताया की सौरभ प्रेमचंदानी ही इस सट्टेबाज़ी नेटवर्क का मास्टरमाइंड है जो जिला सिवनी का रहने वाला है सट्टेबाजी के चलते सौरभ प्रेमचंदानी अक्सर सिवनी जिले से बाहर रहता है बाकी उसका पूरा परिवार सिवनी में ही निवास करता है।

### पुलिस की जांच

पुलिस जानकारी के अनुसार यश गुप्ता ने खुलासा किया की मुख्य आरोपी सौरभ प्रेमचंदानी सिवनी का रहने वाला है जिसके आधार पर छिंदवाड़ा पुलिस सट्टेबाजी के नेटवर्क को सिवनी और आसपास के जिले से जोड़ रही है और हर पहलू की जांच कर रही है। पुलिस ने इसके आधार पर मुख्य आरोपी सौरभ प्रेमचंदानी की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन वह फिलहाल फरार है।

**पुलिस की कार्रवाई:** पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यश गुप्ता के खिलाफ मध्य प्रदेश पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत धारा 4(क) और धारा 49 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक अजय पांडे ने आईंटीवी मीडिया को बताते कहां की छिंदवाड़ा पुलिस की मुस्तैदी के चलते एक बड़े ऑनलाइन सट्टेबाजी के नेटवर्क का खुलासा हुआ है। आरोपी यश गुप्ता से पूछताछ की जा रही है यश गुप्ता के अन्य साथियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मुख्य आरोपी सौरव प्रेमचंदानी की तलाश की जा रही है उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अवैध सट्टेबाजी की खिलाफ छिंदवाड़ा पुलिस सख्त कार्रवाई करती रहेगी और आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा ।

# झामरमाल सहित 13 गांव की समस्याओं का किया अवलोकन

झामरमाल गांव के ग्रामीणों को डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल के कुएं से प्रतिदिन पानी ढोकर नहीं लाना पड़ेगा। जिसको लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग, जनपद पंचायत और राजस्व विभाग लखनादौन के अधिकारी हरकत में आ गए। 27 मार्च को लखनादौन एसडीएम आईएएस रवि कुमार सिहाग, जनपद पंचायत सीईओ प्रशांत उइके, पीएचई के कार्यपालन यंत्री बीएल उइके, लखनादौन एसडीओ हर्षित बैस सहित अन्य अधिकारियों ने झामरमाल सहित अन्य 13 गांव की समस्याओं का अवलोकन किया। गांव में 40 लाख रुपये तैयार होने वाली एकल नलजल योजना में गांव से बाहर जंगल में खोदे गए कुएं में पानी तो पर्याप्त निकल गया है। लेकिन पानी खराब होने के कारण फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पीएचई के तकनीशियन द्वारा इसमें ब्लीचिंग पाउडर डलवा दिया गया है। पीएचई ने कुएं में मोटर डलवाकर गांव तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था कर दी है। झामरमाल गांव की लगभग पांच सौ आबादी तक पानी पहुंचाने ग्राम पंचायत में 14वें वित्त की राशि से पाइप लाइन बिछाने कहा गया है। इस दौरान देवेंद्र राय, सचिन राय, सरपंच रामसिंग कुमरे, नितिन माहोले व ग्रामवासी उपस्थित रहे। मौके पर अधिकारियों ने ग्रामीणों की सुविधाओं को देखते हुए पानी का सर्वे कराकर आबादी क्षेत्र में एक नया बोर कराने का निर्णय लिया है। संभवतः नलकूप खनन करने मशीन झामरमाल गांव पहुंच जाएगी। पीएचई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि स्थायी जल स्त्रोत मिलते ही गांव की एकल नलजल योजना को ठेकेदार के माध्यम से प्रारंभ करवा दिया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को गर्मी में पानी के भटकना ना पड़े। ग्रामीणों की समस्या का स्थायी समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने झामरमाल के बाद अन्य 13 गांव नागटोरिया, केरपानी, सारसवारी, बेसरघाट, खमरिया, खमरियाटोला, पहाड़ी, धाधरा, डुंगरिया, खड़सी, रमखिरिया पाठा, देवरी, लिंगपानी, ओकारपार, नजरगढ़, पिचीटोला में से कुछ गांव का दौरा कर पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली। अधिकांश गांव में पानी ग्रामीणों को किसी ना किसी माध्यम से मिल रहा है, जहां समस्याएं है, उन्हें दूर करने एसडीएम ने संबंधितों को निर्देशित किया है। आदिवासी बाहुल्य लखनादौन की ग्राम पंचायत झामरमाल सहित दर्जनभर गांव में गर्मी के शुरूआती दिनों में पेयजल समस्या को मीडिया ने प्रमुखता से उठाया था। पांच सौ आबादी वाले झामरमाल में एक दशक से जलसंकट का लोगों को सामना करना पड़ रहा है। गांव के लगभग सारे बोर, नलकूप, कुआं फेल हो चुके हैं। ऐसे में ग्रामीणों को दैनिक जरूरतों को पूरा करने लगभग डेढ़ किमी दूर खेत में स्थित सार्वजनिक कुएं से पानी ढोकर घर तक लाना पड़ रहा था। पूरा दिन ग्रामीणों का पानी ढोने में बीत रहा था। मजदूरी व घर के दूसरे जरूरी कार्य प्रभावित हो रहे थे। गांव में एक भी चालू हैंडपंप नहीं है।

# 1 अप्रैल से किसानों को मिलेगी नई सुविधा, देशभर में कहीं भी बेच सकेंगे उपज

**मध्य प्रदेश कृषि विपणन मंडी बोर्ड 1 अप्रैल से प्रदेश की सभी 259 मंडियों का ई-मंडी योजना विस्तार करेगी। मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि इससे किसान मंडी आने से पहले ही अपनी प्रवेश पर्ची मोबाइल से बना सकते हैं।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

ई-मंडी योजना एंड्रॉइड एवं वेब एप्लीकेशन आधारित है। इसे किसान एंड्रॉइड मोबाइल पर निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

### उपज का रिकॉर्ड ऑनलाइन दिखेगा

ई-मंडी की शुरुआत के बाद, किसानों को अब मंडी में अपनी उपज बेचने के लिए व्यापारियों के पास जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे घर बैठे ही अपने अनाज का विक्रय कर सकेंगे। इससे उन्हें तुलाई के लिए घंटों इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा, किसान अपनी उपज का रिकॉर्ड रियल टाइम में ऑनलाइन देख सकेंगे और पूरा लेन-देन ट्रैक कर सकेंगे।

### देशभर में कहीं भी बेच सकेंगे अपनी उपज

इस नई प्रणाली के तहत व्यापारियों से संपर्क स्थापित करने के लिए किसानों को अब मंडी में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।
ई-मंडी के जरिए, किसानों को बिक्री और भुगतान के बारे में भी सूचना तुरंत मिल सकेगी, जिससे धोखाधड़ी की आशंका काफी हद तक कम हो जाएगी। उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी, जो पहले बिचौलियों के कारण नहीं हो पाता था। ई-मंडी से किसान न केवल अपनी उपज को देशभर में बेच सकेंगे, बल्कि वे अपने भविष्य को भी सशक्त बना सकेंगे।

### ई मंडी बनाने खरीदी गईं पॉइंट ऑफ सेल मशीनें

मंडियों को ई-मंडी बनाने के लिए पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीनें खरीदी गई हैं। एक अप्रैल से इन मशीनों के जरिए ही अनुज्ञा पत्र जारी किया जाएगा और मैन्युअल काम बंद कर दिया जाएगा। इसके अलावा, किसान अब मोबाइल फोन पर ई-मंडी एप (श्व डाउनलोड कर सीधे मंडी का प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें मंडी में जाकर इसे कटवाने की आवश्यकता नहीं होगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विक्रम संवत 2082 के आरंभ पर सूर्य को अर्ध्य देकर पूजन-अर्चन किया

### भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम नव संवत्सर के आरंभ पर प्रदेशवासियों को दी मंगलकामनाएं

बालाघाट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन में प्रातः भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम नव संवत्सर 2082 के आरंभ के अवसर पर उदीयमान सूर्य देव को अर्ध्य दिया और हिंदू नव वर्ष पर विक्रम ध्वज, गुड़ी का दत्त अखाड़ा घाट पर पूजन-अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों और देशवासियों को भारतीय नववर्ष की मंगलकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अंतर्गत पर्व और त्योहारों का निर्धारण मंगल तिथियां के आधार पर होता है। खगोलीय गतिविधियों की दृष्टि से गुड़ी पड़वा अर्थात प्रतिपदा, वर्ष की पहली मंगल तिथि है। इस मंगल तिथि का अभिवादन कहीं चेटीचंड, कहीं वर्ष प्रतिपदा और कहीं गुड़ी पड़वा सहित अन्य अनेक नाम से किया जाता है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया की यह प्राचीन सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है। इसी तिथि पर चंहुओर खुशियों, समृद्धि और हर्षोल्लास का वातावरण होता है। गुड़ी पड़वा पर घर-घर स्थापित होने वाला कलश हमारी पवित्र आत्मा को अभिव्यक्त करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समृद्धि और विकास का नव संवत्सर सभी के जीवन में सुख- समृद्धि और आनंद का भाव लाए, ईश्वर से यही कामना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूजन-अर्चन उपरांत माँ क्षिप्रा की गोद में नौका विहार कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इसके बाद देव दर्शन कर साधु-संतों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। उन्होंने दत्त अखाड़ा के पीठाधीश्वर संत श्री सुंदरपुरी महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त कर सत्संग किया।




दत्त अखाड़ा के पीठाधीश श्री संत श्री सुंदरपुरी महाराज ने मुख्यमंत्री का शॉल पहनाकर स्वागत कर आशीर्वाद दिया। संत श्री ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कहा कि यह हिंदू नव वर्ष ही वास्तव मे प्रकृति का नव वर्ष है, जिसमें प्रकृति नव श्रृंगार करती है। पेड़ पौधों मे नवीन पत्ते आते है, प्रकृति में उत्साह और नव संचार का प्रवाह होता है। उज्जैन की इस प्राचीन, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक धरोहर को संभालने और संवारने के प्रयासों की संतश्री सुंदर पूरी महाराज ने प्रशंसा कर आशीर्वाद दिया। इस पावन अवसर पर विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, जिला भाजपा अधक्ष्य श्री संजय अग्रवाल, साधु संत, जन प्रतिनिधि और हिंदू संस्कृति के ध्वज वाहक महिला, पुरुष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### श्री गुरूद्वारा बिल्डिंग कमेटी का गठन, कार्यकारी अध्यक्ष बने हरभजनसिंह गांधी

**बालाघाट।** श्री गुरूद्वारा सिंघ सभा ने गुरूद्वार बिल्डिंग कमेटी की नई घोषणा की। जिसमें साध संगत के आदेश पर संरक्षक सदस्य सुरजीतसिंघ छाबड़ा, पूरनसिंघ भाटिया,गुरूदयालसिंह सौंधी, सतनाम सलूजा, कार्यकारी अध्यक्ष हरभजनसिंघ गांधी, उपाध्यक्ष गुरमीतसिंह जुनेजा, गगनदीपसिंह अतालिया, सचिव सुरेन्दरपालसिंह कौशल, सहसचिव हरमिंदरसिंह गांधी, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गांधी, सहकोषाध्यक्ष सन्नीसिंह नन्द्रा को मनोनित किया गया है।श्री गुरूद्वारा बिल्डिंग कमेटी ने सुरेन्द्रसिंह सौंधी को एक पत्र भी जारी किया है। जिसमें श्री गुरूद्वारा बिल्डिंग कमेटी से संबंधित समस्त प्रपत्रो को श्री गुरूसिंघ सभा अध्यक्ष हीरासिंह भाटिया को सौंपे जाने के लिए निर्देशित किया है।

### अज्ञात वाहन के चपेट मे आने से मादा तेंदुआ की हुई मौत

**लामता।** लामता से नैनपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 543 के लालदेव मंदिर के समीप राहगीरों द्वारा मृत तेंदुआ का शव देखा गया, जिसकी सुचना वन विभाग को दूरभाष मे दिया गया, जिसपर वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी घटना स्थल का मुयायना किया गया, घटना स्थल वन विकास निगम का क्षेत्र होने से समस्त प्रक्रिया वन विकास निगम के वन अमले द्वारा किया गया, वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन पर वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्र जारगे द्वारा मृत मादा तेंदुआ का पी एम हेतु 3 सदस्यी दल पशु चिकित्सको के दल द्वारा 6.30बजे से 7 बजे मोबाइल के टॉर्च के उजाले मे शव परीक्षण किया गया, शव परिक्षण के बाद पशु चिकित्सक द्वारा बताया गया कि मादा तेंदुआ लगभग 2 से 3 वर्ष उम्र की होगी, जो भारी वाहन से टकराने के उपरांत मृत्यु होना बताया। मण्डल प्रबंधक के निर्देशन मे मृतक मादा तेंदुआ के शव का पी एम लगभग सात बजे शाम को 3 सदस्य पशु चिकित्सक के दल द्वारा टॉर्च के रौशनी मे किया गया, इसके उपरांत मुख्य संरक्षक बालाघाट, मंडल प्रबंधक वन विकास निगम, प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर सामान्य लामता (आई एफ एस )वन परिक्षेत्र अधिकारी वन विकास निगम, तहसीलदार लामता, सरपंच लामता, वन समिति अध्यक्ष लामता एवं वन विकास निगम के समस्त स्टॉफ के समक्ष दाह संस्कार किया गया।वन विकास निगम के मंडल प्रबंधक डेविड चनाप द्वारा मिडिया कर्मी को कवरेज करने से रोका गया,ना ही जानकारी उपलब्ध कराया गया.



## जल गंगा संवर्धन अभियान वैनगंगा बजरंग घाट से हुआ प्रारम्भ

### कंटीली झाड़ी, पाऊच और पॉलीथिन मुक्त हुआ बजरंग घाट

### जिला प्रशासन, नगर पालिका और सामाजिक संस्थाओं ने किया श्रमदान


बालाघाट

मप्र शासन के निर्देशानुसार रविवार को वैनगंगा नदी स्थित बजरंग घाट से जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का आगाज़ हो गया है। घाट पर 100 से अधिक अधिकारी कर्मचारियों सहित नगर पालिका के अमले तथा सामाजिक संस्थाओं ने मिलकर गंदगी सहित कंटीली झाड़ियों के अलावा गुटका पाऊच व पॉलीथिन बिनकर किनारे से दूर किया। किनारे से करीब 7 थैले पॉलीथिन व अन्य झाड़ियां साफ की गई। इसके पश्चात मंदिर प्रांगण में जल संवर्धन व वन संरक्षण की शपथ ली गई। प्रारम्भ होने के बाद अब इस अभियान के तहत 30 जून तक जल संवर्धन व संरक्षण तथा बारिश से पूर्व पौधारोपण की तैयारी की जाएगी। श्रमदान का कार्य एडीएम श्री जीएस धुर्वे के नेतृत्व में एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री केसी ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर कोल सहित जिला अधिकारियों के अलावा जन अभियान परिषद, युवा एवं खेल विभाग का अमला, रोटरी क्लब, तैराक संघ, गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद रहें।

## गुड़ी पड़वा के शुभावसर पर हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत 301 जोड़े बंधे बंधन में





बालाघाट

गुड़ी पड़वा नव संवत्सर के शुभावसर पर जनपद पंचायत के देवरी पंचायत में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। जनपद सीईओ श्रीमती ममता कुलस्ते ने बताया कि सामूहिक विवाह आयोजन में हिन्दू रीति रिवाज, आदिवासी परम्परा और बौद्ध वैवाहिक प्रक्रिया के तहत 301 जोड़ो का विवाह आयोजित हुआ। विवाह आयोजन के सम्बंध में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री राजा लिल्हारे ने कहा कि ऐसे सामूहिक विवाह आयोजन शासन द्वारा सराहनीय कार्य है। ऐसे आयोजन से निश्चित तौर पर फिजूलखर्ची मो रोकने का महत्वपूर्ण कदम है। अब समाज की आवश्यकता भी है कि लोग इसे और आगे बढ़ाए। पूर्व मंत्री श्री राम किशोर कांवरे ने कहा कि शासन कि योजना के तहत सिर्फ बालाघाट जनपद में ही नहीं, बल्कि ऐसे सुंदर और वैवाहिक रीति रिवाजों के अनुसार सभी नगरीय निकायों व जनपदों में आयोजित हो रहें है। मौसम बिसेन ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबके प्रयासों से ऐसे आयोजन होते हैं। विवाह आयोजन में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहितों को आशीर्वाद प्रदान किया।

विवाह आयोजन में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बालाघाट जनपद पंचायत श्री फूलचंद सहारे, उपाध्यक्ष शंकर लाल बिसेन, जिला पंचायत सदस्य रूखमणि माहूले,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, तहसीलदार श्री भूपेंद्र अहिरवार, श्रीमती वंदना कुशराम, सहित जनपद पंचायत के समस्त सदस्य सरपंच गण उपस्थिति रहें।

## विक्रम विश्वविद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है : राज्यपाल श्री पटेल







### मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई डी-लिट की मानद उपाधि

### 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट की उपाधि प्रदान की गई

### राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में हुआ विक्रम विश्वविद्यालय का 29वां दीक्षांत समारोह

बालाघाट

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में रविवार को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन का 29वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव और हार्टफुलनेस संस्था के संस्थापक श्री कमलेश पटेल को विश्वविद्यालय द्वारा डी-लिट की मानद उपाधि प्रदान की गई। साथ ही 70 विद्यार्थियों को उपाधि, 99 को मेडल और 2 शोधार्थियों को डी-लिट उपाधि प्रदान की गई।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर अत्यंत आनन्द का अनुभव हो रहा है। दीक्षान्त समारोह में अपनी उपाधियाँ प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मैं आत्मीय बधाई देता हूँ। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों के यशस्वी एवं मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह वास्तव में सेवा के संकल्प का समारोह है। जीवन में सफलता के लिए कठोर अनुशासन की आवश्यकता होती है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि शिक्षा, धर्म, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान और व्यापार के क्षेत्रों में भारत के मानचित्र पर उज्जैन की अपनी विशिष्ट पहचान है। क्षिप्रा के पवित्र तट पर बसे उज्जैन नगर में विद्याध्ययन की अभिलाषा से आये श्रीकृष्ण की कथा पूरे संसार में प्रसिद्ध है। महर्षि सान्दीपनि के गुरुकुल का यह पुरातन क्षेत्र आज भी जन-जन की आस्था का केन्द्र है, जहाँ स्वयं जगद्गुरु ने शिक्षा पायी थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ज्ञान-विज्ञान के अनेक नवीन क्षेत्र प्रकाश में आ रहे हैं। पारम्परिक विषयों के साथ अनेक नवीन विषयों में उच्च शिक्षा के नये आयाम विकसित हुए हैं। भारत के प्रतिभा सम्पन्न छात्र-छात्राओं ने विश्व फलक पर अपनी प्रतिभा और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि दीक्षित होने वाले विद्यार्थी अपने माता-पिता और गुरुजनों का आजीवन सम्मान करें। माता-पिता कई कष्टों को झेलकर अपने बच्चों का पालन-पोषण और शिक्षा-दीक्षा की व्यवस्था करते हैं। अतः जीवन में अपने माता-पिता का सदैव सम्मान करें और उनकी सेवा करें, तभी हम अपने समाज और राष्ट्र की सेवा कर सकेगें और हमारा जीवन बेहतर होगा। एक अच्छे और जिम्मेदार नागरिक बन कर हम अपने देश की प्रगति में योगदान दे सकेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का दिन कई मायनों में हम सब के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उज्जैन नगरी सात पवित्रतम नगरियों में से एक है। हर कल्प में इसका विशेष महत्व रहा है। आज भारतीय नव वर्ष प्रतिपदा पर हम सब हर्षोल्लास के साथ गुड़ी पड़वा और चैटी चंड पर्व मना रहे हैं। आज उज्जैन का गौरव दिवस भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विक्रम विश्व विद्यालय अब सम्राट विक्रमादित्य के नाम से जाना जाएगा। माधव विज्ञान महाविद्यालय के परिसर में शीघ्र ही विशाल सभागार बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई है, वे अपनी प्रतिभा का उपयोग अभीष्ट उद्देश्य की प्राप्ति के लिए करें। समाज-सेवा और राष्ट्र की सेवा करें। भविष्य कि अपार संभावनाएं आपका इंतजार कर रही हैं। हमारे शोधार्थी विश्व पटल पर अपने शहर, राज्य और देश का नाम लेकर जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जयिनी के गौरव दिवस और विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के आधार पर प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्तकरने के साथ अन्य उपलब्धियां अर्जित की हैं। यह उपलब्धियां विद्यार्थियों के ज्ञान और विद्या के साथ उनका उत्तरदायित्व भी बढ़ाती हैं। विद्यार्थियों के लिए भविष्य की अनेक संभावनाएं विद्यमान हैं। यही कामना है कि विद्यार्थी न केवल देश एवं प्रदेश की सेवा करें अपितु अपने कर्म और योगदान के आधार पर विक्रम विश्वविद्यालय के साथ प्रदेश और देश का नाम भी दुनिया में रोशन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीक्षांत समारोह में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विक्रम विश्वविद्यालय के इतिहास में आज का दिन विशेष महत्व का है। विश्वविद्यालय की 1956 में स्थापना से आज तक हुए दीक्षांत समारोहों में यह पहला मौका है जब राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, पद्मभूषण, सांसद, विधायक सभी एक साथ शामिल हुए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की शासन व्यवस्था में विद्यमान सुशासन और जन-कल्याण के कई पहलुओं की झलक वर्तमान में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये जा रहे शासन संचालन और जन-कल्याण की गतिविधियों में मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि जब वे विद्यार्थी थे तब विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की कोई परिपाटी नहीं थी। लंबे समय तक विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह का कोई स्थाई क्रम नहीं रहा, परिणाम स्वरूप, विश्वविद्यालय के बहुत से बैच विद्यार्थियों ने बिना दीक्षांत समारोह के सामान्य रूप से अपनी डिग्रियां प्राप्त कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यपाल श्री पटेल द्वारा सभी विश्वविद्यालयों में अनिवार्यतः दीक्षांत समारोह आयोजित करने की व्यवस्था स्थापित करने के लिए उनकी प्रशंसा की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नव संवत्सर के अवसर पर उज्जैन में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। महाकाल लोक के पास सम्राट विक्रमादित्य हैरीटेज होटल का लोकापर्ण किया जाएगा। इससे बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं को रहने और भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी। विगत हजारों सालों के इतिहास में भारत में जो भी वीर- महावीर हुए हैं उनके जीवन के पुरूषार्थ और प्रारब्ध के आधार पर शासन-प्रशासन में उनके द्वारा दिए गए योगदान पर केंद्रित वीर भारत संग्रहालय का भूमि-पूजन कोठी महल के साथ जोड़कर किया जाएगा, इससे हमारी समृद्ध गौरवशाली संस्कृति की पताका वर्तमान में लहराएगी और अवंतिका से संबंधित वीर पुरूषों का परिचय जन-जन को प्राप्त होगा। हर युग में अस्तित्व बनाए रखने वाली अवंतिका, भारत के सात पवित्रतम नगरों में से एक है।

विक्रम विश्वविघालय के कुलगुरू आचार्य अर्पण भारद्वाज के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के लिये यह हर्ष का विषय है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) की पावन तिथि पर 'सिद्धार्थी' नामक नवसंवत तदनुसार विक्रम संवत 2082 को 29वाँ दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह भी गौरव का विषय है कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पद्मभूषण से अलंकृत श्री कमलेश डी. पटेल को डी-लिट की मानद उपाधि से विभूषित किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भारद्वाज और कुल सचिव श्री अनिल शर्मा ने राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत पुष्प-गुच्छ, शॉल, अश्वगंधा का पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्य परिषद के सदस्यों के द्वारा अन्य अतिथियों का भी सम्मान और स्वागत किया गया। अतिथियों के द्वारा विश्वविद्यालय से प्रकाशित तीन पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। कुलगुरु द्वारा सभी उपाधि प्राप्तकर्ताओं को शपथ दिलाई गई। समारोह में विक्रम विश्वविद्यालय और हार्टफुलनेस संस्थान के बीच एमओयू हुआ। श्री कमलेश पटेल ने इस अवसर पर कहा कि योग की साधना करने पर पहला फल विवेक और बुद्धि के रुप में प्राप्त होता है। हम सभी को अपने नकारात्मक गुणों को समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए। ध्यान से ही हमारी प्रगति हो सकती है।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि आज जिन विद्यार्थियों को दीक्षित किया जा रहा है, वे सभी अपने ज्ञान का सदुपयोग समाज और देश की सेवा में करें। एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई थी। मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरन्तर शिक्षा नीति को और प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किये जाने पर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन श्री वीरेंद्र चावरे ने किया और आभार प्रदर्शन कुल सचिव डॉ. अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्व विद्यालय के कार्य परिषद के सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह, श्री रूप पमनानी, श्रीमती मंजुषा मिमरोट, श्री वरूण गुप्ता, डॉ. संजय वर्मा, श्रीमती सुषमा निगवाल एवं विभिन्न संकायों के अध्यक्ष, अतिथि अध्यापक गण, उपाधि ग्रहण करने वाले विद्यार्थी और उनके अभिभावक मौजूद थे।